दिन– मंगलवार | दिनांक– 30 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा– विकसित भारत–जी राम जी विधेयक मनरेगा योजना की कमियों को दूर करने के लिए लाया गया।
02. रेल वन मोबाइल एप के माध्यम से चौदह जनवरी से चौदह जुलाई दो हजार छब्बीस के बीच टिकट बुक कराने वालों को तीन प्रतिशत की विशेष रियायत मिलेगी।
03. परिवहन मंत्री श्रवण कुमार की घोषणा। सभी जिलों में कैंप लगाकर ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन निबंधन के लंबित मामलो का कल किया जायेगा निपटारा।
04. बिहार पुलिस चालक भर्ती लिखित परीक्षा का परिणाम जारी। पन्द्रह हजार पांच सौ सोलह अभ्यर्थी हुए सफल।
05. और, सर्द पछुआ हवा से ठिठुरन बढ़ी। मौसम विभाग का अलर्ट चार जनवरी तक सताएगी कड़ाके की ठंड।

---

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि संसद ने वर्तमान आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकसित भारत – जी राम जी विधेयक पारित किया है। श्री चौहान ने भोपाल में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि जी राज जी विधेयक का उद्‌देश्य मनरेगा योजना की कमियों को दूर करना है। श्री चौहान ने कहा कि विकसित भारत–जी राम जी योजना को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रधानमंत्री की गति शक्ति पहल से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि इस मिशन में बेरोजगारी भत्ता के लिए स्पष्ट प्रावधान शामिल है और अधिनियम के तहत आवश्यक वित्तीय व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

–––बाइट–––

आगामी वित्तीय वर्ष में जो प्रस्तावित बजट प्रावधान है वो भी एक लाख 51 हजार दो सौ 82 करोड़ रुपए किया गया, पिछले साल 88 हजार करोड़ था केवल। जब सौ से सवा सौ दिन मजदूरी करनी है, तो उसके लिए वित्तीय प्रावधान आवश्यक है, जो किए जा रहे हैं। केन्द्र का अपना हिस्सा बढ़ के अकेले 95 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा होगा।

केन्द्रीय मंत्री ने विपक्ष के योजना का नाम बदलने के आरोपों पर कहा कि अतीत में विपक्षी दलों ने भी सत्ता में रहते हुए रोजगार संबंधी योजनाओं के नाम कई बार बदले थे। विपक्ष की आलोचना करते हुए श्री चौहान ने कहा कि लोकसभा में इस विधेयक पर आठ घंटे से अधिक समय तक विस्तृत बहस हुई लेकिन विपक्षी सांसदों ने केवल हंगामा किया।

———————————————————————

रेलवे चौदह जनवरी दो हजार छब्बीस से चौदह जुलाई दो हजार छब्बीस तक रेल वन मोबाइल एप के माध्यम से टिकट कटाने वाले लोगों को तीन प्रतिशत की रियायत देगा। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि यह निर्णय यात्रियों की सुविधा और डिजिटल टिकटिंग को बढ़ावा देने के लिए लिया गया है। छुट का लाभ यूपीआई, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड और नेट बैंकिंग से अनारक्षित टिकट बुक करने पर मिलेगा।

———————————————————————

परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि कल वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य में ड्राइविंग लाईसेंस से संबंधित सभी लंबित मामलो का निपटारा किया जायेगा। आकाशवाणी समाचार से बातचीत करते हुए श्री कुमार ने कहा कि जिला स्तर पर कैंप लगाकर करीब सवा दो लाख वाहन निबंधन और चालक लाईसेंस के मामले निपटाये जायेंगे। उन्होंने बताया कि वे स्वयं इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी करेंगे।

———बाइट———

———————————————————————

उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि भूमि सूधार का कार्य राज्य सरकार की प्राथमिकता सूची में शामिल है। उन्होंने कहा कि यह अभियान जारी रहेगा। श्री सिन्हा ने लापरवाह और भ्रष्ट अधिकारियों की ओर संकेत करते हुए कहा कि सभी को स्वस्थ बनना पड़ेगा।

———बाइट———

———————————————————————————————

उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि रोहतास में रोपवे के पीलर ढह जाने की घटना बेहद चिंताजनक है। श्री जायसवाल ने कहा कि इसे गंभीरता से लिया गया है। शुरूआती जांच में संवेदक और कुछ अभियंत्रण अधिकारियों की लापरवाही सामने आई है। उन्होंने कहा कि संवेदक को ब्लैक लिस्ट किया गया है और दो इंजिनियरों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है।

———बाइट———

———————————————————————————————

अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान ने दावा किया है कि शीघ्र ही विपक्षी दलों के कई नेता जदयू में शामिल हो सकते है। कैमूर में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री खान ने कहा कि नीतीश कुमार की छवि और उनका सुशासन सभी को आकर्षित करता है।

———बाइट———

———————————————————————————————

राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के कई वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला कर दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना के अनुसार एन. विजय लक्ष्मी को बिहार राज्य योजना परिषद का सचिव बनाया गया है। वहीं, शीर्षत कपिल अशोक को पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, के. सेंथिल को गन्ना उद्योग विभाग, पंकज कुमार को ग्रामीण विकास विभाग, नर्मदेश्वर लाल को कृषि विभाग और विनय कुमार को नगर विकास एवं आवास विभाग में सचिव पद की जिम्मेदारी दी गई है। इधर, एक अहम फैसले में वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संजीव हंस का निलंबन समाप्त कर उन्हें राजस्व परिषद का अपर सदस्य नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही कई अधिकारियों को विभिन्न प्रमंडलो में आयुक्त का कार्यभार सौंपा गया है।

केन्द्रीय चयन पर्षद ने बिहार पुलिस चालक सिपाही भर्ती परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है। चार हजार तीन सौ इकसठ पदों के लिए दस दिसम्बर दो हजार पच्चीस को आयोजित लिखित परीक्षा में पन्द्रह हजार पांच सौ सोलह अभ्यर्थी सफल हुए हैं। इनमें चार सौ एकसठ महिलाएं और एक ट्रांसजेंडर अभ्यर्थी शामिल हैं। परिणाम पर्षद की आधिकारी वेबसाइट सीबीएससी डॉट बिहार डॉट जीओवी डॉट इन पर भी देखा सकता है। इसके बाद शारीरिक दक्षता परीक्षा के आधार पर अंतिम रूप से अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले वर्ष जनवरी में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम की नौवीं कड़ी में छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों से संवाद करेंगे। इसके लिए अब तक दो करोड़ बानवे लाख से अधिक छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने पंजीकरण कराया है। प्रेरक कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा के दौरान देश–विदेश के कक्षा छह से बारह तक के विद्यार्थी, अभिभावक और शिक्षक प्रधानमंत्री से परीक्षा के तनाव पर चर्चा करेंगे। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ग्यारह जनवरी तक माई जीओवी प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण कराया जा सकता है।

---

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई ने दसवी और बारहवी कक्षा की वार्षिक परीक्षा की तिथियों में आंशिक बदलाव किया है। बोर्ड की अधिसूचना के अनुसार होली के त्योहार के कारण तीन मार्च दो हजार छब्बीस को होनेवाली दसवी की परीक्षा ग्यारह मार्च को होगी। जबकि तीन मार्च को होनेवाली बारहवी की परीक्षा अब दस अप्रैल को होगी।

---

प्रदेश के अधिकतर भाग में कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित हुआ है। वहीं, कई स्थानों पर घने कुहासे के कारण भी रेल, सड़क और हवाई यातायात पर असर पड़ा हुआ। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि चार जनवरी तक ऐसी ही स्थिति बनी रहेगी। विभाग ने पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीवान, गोपालगंज, बक्सर, कैमूर, रोहतास, समस्तीपुर, मधेपुरा, सहरसा, किशनगंज, अररिया समेत राज्य के चौबीस जिलों में शीतदिवस का अलर्ट जारी किया है। वहीं, राज्य के उत्तर–मध्य, उत्तर–पूर्व, उत्तर–पश्चिम भागों में अनेक स्थानों में घना कोहरा छाये रहने की संभावना है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटो के दौरान नालंदा जिले का राजगीर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। यहां का न्यूनतम तापमान सात दशमलव सात डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

---

वर्ष दो हजार पच्चीस विदा हो रहा है। लोगों ने दो हजार पच्चीस की विदाई और नव वर्ष दो हजार छब्बीस के स्वागत की तैयारी शुरू कर दी है। इधर, राजधानी पटना में होटलों, पार्क और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर लगने वाली भीड़ के मद्देनजर प्रशासन ने सुरक्षा और सुविधा बनाए रखने के लिए तैयारी की है। ट्रैफिक डीएसपी अनील कुमार ने बताया कि इस मौके पर यातायात व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है।

———बाइट———

---

पंजाब के मोहाली में खेले गए नौवें नेशनल सीनियर गतका चैंपियनशिप में बिहार की टीम ने तीन स्वर्ण समेत तेइस मेडल जीतें हैं। शेखपुरा की श्वेता उर्फ धर्मशीला ने अपने वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। गतका भारत की एक पारम्परिक युद्धकला है। सिख परम्परा में विकसित इस मार्शल आर्ट में लकड़ी की तलवार के साथ शारीरिक कौशल का प्रदर्शन किया जाता है।

---

सुपौल स्थित एसएसबी की पैंतालीसवीं वाहिनी ने आज वीरपुर और अन्य सीमा चौकियो पर वंदे मातरम् और तिरंगा साइकिल रैली निकाली। इसके माध्यम से देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और नागरिक जागरूकता का संदेश दिया गया।

---

रोहतास जिले के डेहरी में अखिल भारतीय लघु नाट्य प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर रंग यात्रा निकाली गई। लघु नाट्य प्रतियोगिता का आयोजन पच्चीस दिसम्बर से तीस दिसम्बर तक किया जायेगा।

---

बेगूसराय जिले के लोहियानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पनहास से अपहृत एक कारोबाड़ी सुमित कुमार का आज शव बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि उनका शव चेरिया बरियारपुर थाना क्षेत्र के बसही में बूढ़ी गंडक नदी से बरामद किया गया है।

---

01. केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा– विकसित भारत–जी राम जी विधेयक मनरेगा योजना की कमियों को दूर करने के लिए लाया गया।
02. रेल वन मोबाइल एप के माध्यम से चौदह जनवरी से चौदह जुलाई दो हजार छब्बीस के बीच टिकट बुक कराने वालों को तीन प्रतिशत की विशेष रियायत मिलेगी।
03. परिवहन मंत्री श्रवण कुमार की घोषणा। सभी जिलों में कैंप लगाकर ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन निबंधन के लंबित मामलो का कल किया जायेगा निपटारा।
04. बिहार पुलिस चालक भर्ती लिखित परीक्षा का परिणाम जारी। पन्द्रह हजार पांच सौ सोलह अभ्यर्थी हुए सफल।
05. और, सर्द पछुआ हवा से ठिठुरन बढ़ी। मौसम विभाग का अलर्ट चार जनवरी तक सताएगी कड़ाके की ठंड।

---

समाप्त